# हैंडआउट

## (याद रखने के मुख्य संदेश)
## अपने संसाधनों को जानें

- कई बार हम जानकारी के अभाव में यहाँ - वहाँ भटकते रहते हैं जिससे हमारा समय और ऊर्जा दोनों नष्ट होते हैं और हम सही समय पर सेवाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। अतः हमें अपने आसपास उपलब्ध संसाधनों, सुविधाओं एवं विभागों के बारे में पता रहना चाहिए।
- यदि हमें हमारे आसपास के संसाधनों, सुविधाओं और विभागों के बारे में पता रहता है तो इससे न केवल हम स्वयं की अपितु अपने आसपास के लोगों की भी मदद कर सकते हैं।
- हमारे द्वारा की गई यह मदद किसी दूसरे को सशक्त करने के लिए बढ़ाया गया पहला कदम होता है। इस कदम की ओर बढ़ने के लिए जरूरी है कि हम स्थानीय शासन की संरचना को अच्छे से समझते हों और जिला स्तर पर कार्यरत विभिन्न शासकीय विभागों की सेवाओं का लाभ किस प्रकार लिया जा सकता है इसके संबंध में जानकारी हो।
- अक्सर हम जिनका उपयोग करके लाभ प्राप्त करते हैं या जिनसे हमें सुविधा मिलती है, उसे हम संसाधन कह सकते हैं। यह संसाधन कोई व्यक्ति, वस्तु, स्थान भी हो सकता है।
- हमें यह पता रहना चाहिए कि अलग-अलग प्रकार के कार्य अलग-अलग विभाग द्वारा संचालित किए जाते हैं। प्रत्येक विभाग की सेवाओं व योजनाओं को संचालित करने के लिए अलग-अलग अधिकारी, कर्मचारी सभी स्तर पर शासन द्वारा नियुक्त किए जाते हैं।
- कई बार हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु हमें किस विभाग में मदद के लिए जाना चाहिए इसके बारे में हमें पता नहीं होता है परंतु यह जरूरी है कि रोजमर्रा के जीवन में उपयोग आने वाले संसाधनों के बारे में हमारे पास आवश्यक जानकारी होनी चाहिए। जैसे : स्कूल में प्रवेश लेने के लिए या विषय चयन के मार्गदर्शन के लिए शाला के प्राचार्य से मिला जा सकता है।
- हमारे आसपास कई तरह के संसाधन उपलब्ध है। ये संसाधन हम सबकी सुविधा के लिए हैं। इन्हें नुकसान पहुँचाने से हमें व अन्य नागरिकों को परेशानी होगी। अतः इनकी सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है।
- यदि हमें विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली और योजनाओं के बारे में जानकारी होगी तो हम उन विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।
- शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु हमारे पास कुछ जरूरी दस्तावेज होना चाहिए, जैसे-


- जन्म प्रमाण पत्र
- आधार कार्ड
- 10वीं व 12वीं की मार्कशीट
- स्थायी/मूल निवासी का प्रमाण पत्र
- राशन कार्ड
- आय प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो)
- जाति प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो)
- ड्राइविंग लायसेंस (18 वर्ष के बाद)

■ नीचे दी गई तालिका में हम विभिन्न विभागों से संबंधित जानकारी एवं उनके द्वारा किए जाने वाले प्रमुख कामों के बारे में जानेंगे।

| विभाग का नाम | मुख्य कार्य |
|---|---|
| स्कूल शिक्षा विभाग | ▪ विद्यार्थियों / बच्चों की स्कूली शिक्षा से जुड़ी नीतियों, उनके क्रियान्वयन, शिक्षा की गुणवत्ता, शालाओं का निर्माण व संचालन आदि की जिम्मेदारी इस विभाग की होती है।<br>▪ शालाओं से जुड़ी सभी योजनाओं का संचालन भी यह विभाग करता है। |
| उच्च शिक्षा विभाग | ▪ विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की स्थापना एवं उनके द्वारा दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करना इस विभाग की जिम्मेदारी है। |
| स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग | ▪ नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं देना, स्वास्थ्य संबंधी शिक्षा, परिवार नियोजन, गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशु की देखरेख आदि हेतु यह विभाग जिम्मेदार है। इन कार्यों से जुड़ी सभी योजनाएं भी यही विभाग संचालित करता है। |
| महिला एवं बाल विकास विभाग | ▪ यह विभाग बालकों के उचित विकास तथा महिलाओं के सशक्तीकरण और बालकों व महिलाओं को हिंसा से बचाव हेतु कई योजनाएं संचालित करता है। |
| पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग | ▪ ग्राम विकास, ग्राम के सामाजिक और अर्थव्यवस्था संबंधी कार्यों का सुगमता से संचालन आदि इस विभाग की जिम्मेदारी होती है। |

| विभाग का नाम | मुख्य कार्य |
|---|---|
| कौशल विकास संचालनालय | ▪ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, व्यवसाय प्रशिक्षण केंद्र आदि के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करवाना।<br>▪ व्यावसायिक कौशल विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का संचालन। |

- राज्य से ग्राम / शहर स्तर तक सभी विभागों का प्रबंधन अलग-अलग स्तर पर किया जाता है जो कि क्रमानुसार काम करता है, जैसे :




- हर विभाग के प्रमुख व्यक्ति से मिलकर हम अपनी आवश्यकता की पूर्ति कर सकते हैं। यदि हमें किसी कारणवश आवश्यकतानुसार सेवाएं नहीं मिलती है तब हमें विकास खंड स्तर के अधिकारी से सहायता लेनी चाहिए। यदि वहाँ से भी मदद ना मिले तो जिला स्तर के अधिकारी से सहायता लेनी चाहिए।
- वैसे तो हमें सभी विभागों, योजनाओं और उनसे मिलने वाली मदद की जानकारी होनी चाहिए। कुछ काम ऐसे हैं जिनकी जानकारी हम आगे दी गई तालिका से प्राप्त कर सकते हैं :

| आवश्यक जानकारी | संबंधित विभाग |
|---|---|
| जन्म प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करवाना | पंचायत कार्यालय (ग्राम), नगर निगम (शहर) |
| दसवीं के बाद व्यावसायिक कोर्स में दाखिला लेना | आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) या शासन के अन्य व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र |
| कॉलेज की पढ़ाई के लिए लोन की जानकारी | बैंक |
| गाँव के हैंडपंप या सामुदायिक भवन की मरम्मत | पंचायत / नगर निगम |
| हिंसा से पीड़ित महिला के चिकित्सकीय, मनोवैज्ञानिक (काउंसलिंग), कानूनी सहायता लेने हेतु | वन स्टॉप सेंटर (महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित) |
| आधार कार्ड जारी करवाना या उसमें परिवर्तन कराना | नेशनलाइज्ड बैंक |
| आयुष्मान भारत के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा की जानकारी प्राप्त करना / आवेदन करना | शासकीय अस्पताल |
| एचआईवी परीक्षण करवाना | जिला अस्पताल |
| किशोरियों के लिए पोषण आहार की जानकारी | आंगनवाड़ी (महिला एवं बाल विकास विभाग) |
| रोजगार के लिए पंजीयन | जिला रोजगार कार्यालय |
| गर्भावस्था के लिए पंजीयन | आंगनवाड़ी (महिला एवं बाल विकास विभाग) |
| किशोर - किशोरियों की किसी भी प्रकार की काउंसलिंग जैसे करियर काउंसलिंग, तनाव से जूझना, हिंसा से जूझना, अवसाद से उबरना आदि हेतु काउंसलिंग | 'उमंग' परामर्श केंद्र (प्रत्येक ब्लॉक की एक शाला में स्थित) (स्कूल शिक्षा विभाग) |

❑ ❑ ❑